दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025

हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ एक्शन की तैयारी

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन ने सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़े भ्रामक एवं पुराने वीडियो साझा करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। त्योहारों के इस सीजन में कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर पुराने अथवा गलत वीडियो वायरल कर यात्रियों में अनावश्यक भ्रम और असंतोष फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखते हुए रेलवे प्रशासन अब तक 20 से अधिक सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर चुका है और उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। रेलवे द्वारा सोशल मीडिया गतिविधियों पर 24 गुना 7 मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि ऐसे भ्रामक कंटेंट फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। रेलवे प्रशासन सभी सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील करता है कि किसी भी वीडियो या सूचना को साझा करने से पहले उसकी प्रामाणिकता अवश्य जांच लें। यात्री केवल भारतीय रेल के आधिकारिक नोटिफिकेशन और आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब पर उपलब्ध सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

### बारिश थमते ही सड़कों से उड़ रहे धूल के गुबार

**कोरबा।** बारिश के थमते ही शहर की सड़कों से उठ रहे धूल के गुबार से लोग हलाकान हैं। पीडब्ल्यूडी को सड़कों की मरम्मत के लिए 2 महीने पहले 5 करोड़ 70 लाख की राशि मिल चुकी है लेकिन दीपावली के बाद पैच वर्क शुरू कराया जाएगा। लोगों को अभी धूल और गड्ढे के बीच आवाजाही करनी पड़ेगी। शहर के सड़कों की मरम्मत कब होगी, यह अब तक तय नहीं है। शहर के सभी एंट्री पांइट खराब हैं। बारिश के समय गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटनाएं होती रही। इसके बाद भी प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। गौमाता चौक इमलीडुग्गू से उरगा, रिंग रोड, गोपालपुर, कुसमुंडा मार्ग की सड़कें खराब हो गई हैं। अभी भी गड्ढों को नहीं भरा गया है। बारिश थमने के बाद धूल उड़ने से भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य शासन ने सड़कों की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी को अगस्त में ही राशि की मंजूरी दी थी लेकिन 15 अक्टूबर तक पैच वर्क पर रोक लगने के कारण काम नहीं कराया गया। दीपावली में भी लोगों को राहत नहीं मिल पाई। शहर की सभी प्रमुख सड़कें उखड़ गई हैं। निगम ने मरम्मत भी नहीं कराई।

### सड़क निर्माण हेतु निविदा प्रक्रियाधीन

**कोरबा।** अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग संभाग ने रिस्दी चौक मार्ग से बालको की सड़क की समस्या के सम्बंध में बताया कि मेजर ध्यानचंद चौक से बालको होते हुए रिस्दी चौक मार्ग की कुल लंबाई 9 किलोमीटर है, जो कि बजट वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में शामिल था। जिसके अंतर्गत ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक की प्रशासकीय स्वीकृति कार्यालय जिला खनिज न्यास द्वारा आदेश एवं तकनीकी स्वीकृति मेजर ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक एवं रिस्दी रिस्दी चौक तक राशि 2598.47 लाख लंबाई 5.74 किमी 9 सितम्बर को प्राप्त हुआ। रिस्दी चौक मार्ग के चैनेज 8730 में हैं। शासन द्वारा 6 जून को उक्त मार्ग में कार्य संपादित कराए जाने की अनुमति प्राप्त हुई है एवं वर्तमान में कार्य की निविदा प्रक्रियाधीन हैं, निविदा उपरांत कार्यादेश होते ही मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने रिस्दी चौक में जल जमाव व पानी निकासी की समस्या के बारे में जानकारी दी है कि निर्माण कार्य के प्राक्कलन में पानी निकासी हेतु एवं जलजमाव के निराकरण हेतु उचित प्रावधान लिया गया है। स्वीकृत प्राक्कलन में विद्युत/यांत्रिकी लोक निर्माण विभाग द्वारा स्ट्रीट लाईट प्रावधानित हैं। बालको प्रबंधन द्वारा 10 अक्टूबर से उक्त मार्ग में मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया है।

# बाजार में भीड़, अनहोनी को टालने चौक चौराहों में तैनात रहे पुलिस के जवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

दीपोत्सव को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। सभी थाना चौकी प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। साथ ही चौक चौराहों में विशेष बल भी तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था है ताकि दीपोत्सव का त्यौहार भी शांतिपूर्ण संपन्न कराया जा सके।

शहर और आसपास के प्रमुख बाजार क्षेत्रों, बैंकों, एटीएम और आभूषण की दुकानों के आसपास यूनिफॉर्म के साथ सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस का उद्देश्य है कि किसी भी अप्रिय घटना या चोरी-छिनैती जैसी वारदात को पहले ही टाला जा सके। कोरबा नगर, अल्युमिनियम सिटी बालको नगर, कोलफील्ड क्षेत्र कुसमुंडा, दीपका, जमनीपाली, दर्री और कटघोरा सहित पूरे जिले में दीपावली पर्व की रौनक साफ दिखाई दे रही है। सरकारी और कॉरपोरेट दोनों सेक्टरों में पूंजी के तेज प्रवाह के कारण बाजारों में भारी मात्रा में खरीददारी हो रही है। इसके चलते धन के लेनदेन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे सुरक्षा चुनौतियाँ बढ़ गई हैं। पुलिस विभाग ने त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए सभी संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की है। वहीं, कई व्यापारी संगठनों ने अपने प्रतिष्ठानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की व्यवस्था की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर के विभिन्न चेकप्वाइंट्स पर पुलिसकर्मियों को सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### त्यौहारों पर पुलिस ने की सुरक्षा की तैयारी



### देर रात तक डटी रही शहर में

दीपोत्सव के मद्देनजर बाजार में लगातार लोगों की भीड़ उमड़ रही है। आम लोगों को सड़क में आने जाने में किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बुधवारी जैन चौक में, निहारिका चौक में, टीपी नगर चौक में, सुनालिया चौक में यातायात पुलिस की अलग से तैनाती की गई है। रविवार की देर रात तक यातायात पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मोर्चा संभाले रहे जिसकी वजह से शहर की यातायात व्यवस्था सुगम रुप से संचालित होती रही। यातायात पुलिस पिछले 5 दिनों से शहर में जमी हुई जिसके चलते अब तक शहर के किसी भी मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित नहीं हुई है।

## शुरू होंगे चार नए विभाग

# मेडिकल कॉलेज को पीजी की मान्यता मिलने के बाद मरीजों को मिलेगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिसाहू दास मेडिकल कॉलेज में चार फैकल्टी की पीजी क्लास के लिए नेशनल मेडिकल काउंसिल के द्वारा अनुमति मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज में जनरल सर्जरी जैसी बड़ी सुविधाएं मरीजों को मिल सकेंगी। नए नीति के तहत एमडी एनेस्थीसिया की तीन सीट, एमडी स्त्रीरोग की 3 सीट, एमडी जनरल मेडिसिन 4 सीट, एमडी जनरल सर्जरी की 4 सीट के लिए अनुमति दी गई है।

जिले में मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने के बाद से मेडिकल सेक्टर में उसे अपडेट करने के लिए लगातार शासन प्रशासन स्तर पर प्रयास चल रहे हैं। कोरबा आईटी कॉलेज बिल्डिंग के एक पार्ट को मेडिकल कॉलेज की एकेडमी सेक्शन के लिए लिया गया है। जिसमें बीते चार साल से एमबीबीएस की क्लास लग रह है। वहीं प्रैक्टिकल के लिए जिला चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज के लिए अस्थायी रुप से चयनित किया गया है। एमबीबीएस छात्र थ्योरी क्लास के लिए कोरबा आईटी कॉलेज में अटेंड करते हैं और प्रैक्टिकल एवं प्रैक्टिस जिला चिकित्सालय में करते हैं। अब इस दिशा में नेशनल मेडिकल कांउसिल ने मेडिकल कॉलेज कोरबा को अपडेट करने के लिए चार फैकल्टी पर पीजी क्लास शुरु करने की अनुमति दी है। इस अनुमति के बाद संबंधित विषय पर पीजी करने के लिए अन्य मेडिकल कॉलेज जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। जिन चार फैकल्टी की पीजी अनुमति मिली है, छात्र उन फैकल्टी के लिए बाहर नहीं जाएंगे। इसके साथ ही विशेषज्ञ डाक्टर मेडिकल कॉलेज में ही तैयार होंगे और इसका सीधा फायदा मेडिकल कॉलेज आने वाले मरीजों को मिलेगा। डीन डॉ सहारे कहते हैं कि मेडिकल कॉलेज को अपडेट करने के लिए पीजी कक्षाओं की अनुमति मिली है।

**खास बात**

- चार फैकल्टी के 13 सीटों पर मिलेगा पीजी में प्रवेश



फाइल फोटो

### शुरू होंगे गाइनिक, मेडिसीन, सर्जरी, एनेस्थीसिया के विभाग

मेडिकल सेक्टर के लिए यह बड़ी उपलब्धि होगी। गाइनिक, मेडिसिन, सर्जरी, एनेस्थिसिया जैसे विभाग शुरू किए जाएंगे। मेडिकल लाइन में सर्जरी के लिए सबसे बड़ी जरुरत एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट की रहती है और मेडिकल कॉलेज बनने के बाद से इसकी कमी महसूस की जा रही थी। बिना एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट के किसी भी तरह की सर्जरी नहीं की जा सकती। इन चार फैकल्टी में जनरल सर्जरी की जो सुविधा मिली है उसके लिए एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट तैयार करना आवश्यक था जो अब कोरबा मेडिकल कॉलेज में तैयार हो सकेगी। इन दो फैकल्टी की अनुमति मिलने के बाद अब सभी तरह की सर्जरी (हार्ट सर्जरी को छोड़कर) की सुविधा मेडिकल कॉलेज के मरीजों को मिल सकेगी।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों का मिलेगा मार्गदर्शन

चार फैकल्टी में पीजी क्लास की अनुमति मिलने से एमबीबीएस के छात्रों को विशेषज्ञ डॉक्टरों का मार्गदर्शन मिलेगा। इन सभी चार फैकल्टी के विशेषज्ञ डॉक्टरों की व्यवस्था भी राज्य शासन की ओर से की जाएगी। इसका लाभ एमबीबीएस डिग्री के बाद पीजी का कोर्स करने वाले छात्रों के अलावा उन मरीजों को भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा मिलेगी जो अब तक मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध नहीं थी। विशेषज्ञ डॉक्टरों के आने के बाद उपचार का दायरा बढने के साथ बेहतर इलाज हो सकेगा। राज्य सरकार पीजी कक्षा में जरुरत पड़ने वाले सभी तरह के तकनीकी उपकरण भी यहां उपलब्ध करा रही है।

### संसाधन की उपलब्धता पर मिली अनुमति

मेडिकल कॉलेज में जिन चार फैकल्टी में पीजी कक्षाओं की अनुमति है उसके लिए पर्याप्त संसाधन कोरबा मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध है। उन संसाधनों की उपलब्धता भी और उपयोगिता को देखकर ही नेशनल मेडिकल कॉलेज ने इसकी अनुमति दी है। ये सभी फैकल्टी की पढ़ाई वर्तमान में एमबीबीएस के छात्र कर रहे हैं। चार वर्ष की एमबीबीएस डिग्री मिलने के बाद उन फैकल्टी में पीजी के लिए छात्रों को दो वर्ष का कोर्स करने की सुविधा अब कॉलेज में मिलने के कारण यहां के एमबीबीएस छात्रों को बाहर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। इसके साथ ही अन्य जिलों के मेडिकल कॉलेज के ऐसे छात्र जो एमबीबीएस के बाद पीजी की डिग्री के लिए कहीं और जाते हैं वह भी कोरबा मेडिकल कॉलेज में प्रवेश ले सकेंगे।

# दीपावली की छुट्टी पर भिलाई से 16 छात्र छात्राएं पहुंचे थे पिकनिक मनाने, एक छात्र की डूबने से मौत



घटनास्थल में लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले दुर्ग भिलाई के एक कोचिंग इंस्टिट्यूट में पढ़ने वाले डेढ़ दर्जन छात्र-छात्राएं पिकनिक मनाने के लिए ट्रेन में सवार होकर कोरबा पहुंचे थे जहां कोरबा रेलवे स्टेशन से सभी लोग ऑटो में सवार होकर बालको क्षेत्र के परसाखोला पिकनिक स्पॉट पहुंचे थे जहां परसाखोला स्थित नदी में डूब जाने से एक छात्र की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल भेज दिया है परिजनों के आने के बाद आज पोस्टमार्टम की कार्यवाही होगी।

जानकारी के अनुसार मूलतः पड़ोसी राज्य उड़ीसा में निवासरत आशीष कुमार पांडा दुर्ग भिलाई स्थित आईबीसीज कोचिंग सेंटर में कम्युनिकेशन स्किल एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की पढ़ाई करता है। बताया जाता है कि आशीष पांडा अपने 15 अन्य साथियों के साथ दीपावली की छुट्टी होने पर सभी लोग शिवनाथ एक्सप्रेस में सवार होकर आज सुबह कोरबा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे जहां सभी लोग दो ऑटो में सवार होकर बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाखोला स्थित पिकनिक स्पॉट पहुंचे थे जहां सभी छात्र-छात्राएं नदी के पानी में खेल रहे थे कि इस बीच सभी लोगों ने तैयार होकर ग्रुप फोटो सेशन करने की तैयारी में जुटे थे इस बीच पता चला कि आशीष पांडा लापता है इसके बाद फिर क्या था सभी छात्र-छात्राओं में हड़कंप मच गया और उसकी खोजबीन शुरू की गई। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद जब पानी में उसकी पता तलाश की गई जिसके बाद आशीष पांडा नदी से बाहर निकल गया और सांस चलने की उम्मीद लेकर सभी छात्र-छात्राओं ने इसकी जानकारी डायल 1112 को दी और डायल 112 की मदद से आशीष पांडा को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया।

**खास बातें**

- पड़ोसी राज्य उड़ीसा का रहने वाला था छात्र
- बालको थाना क्षेत्र के परसाखोला पिकनिक स्पॉट में हुई घटना

# नर्सरी से कॉलेज तक एक ही अपार आईडी के बिना नहीं मिलेगा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला सहित प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्टूडेंट्स को अलग-अलग पंजीयन नहीं करना होगा। स्कूलों में नर्सरी में प्रवेश के समय स्टूडेंट्स को जो ऑटोमेटेड परमानेंट अकादमिक एकाउंट रजिस्ट्रेशन अपार नंबर मिलेगा। नम्बर की वेलिडिटी जब तक स्टूडेंट्स की पढ़ाई चलती रहेगी तब तक रहेगी। स्टूडेंट्स के इसी आईडी में स्कूली शिक्षा से लेकर हायर एजुकेशन के रिकार्ड दर्ज होंगे।

मौजूदा व्यवस्था पर नजर देखें तो स्कूलों में स्टूडेंट्स का 9वीं में कक्षा में नामांकन किया जाता है, जो 12वीं कक्षा की पढ़ाई तक वैलिड रहता है। कालेज में एडमिशन के बाद अलग से नामांकन होता है। इसमें मिलने वाले नंबर से विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा के रिकार्ड को अपलोड किया जाता है। दोनों के लिए अलग-अलग शुल्क भी जमा करना होता है। दो-अलग-अलग नंबर होने के कारण याद भी नहीं रह पाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दिए गए प्रावधान को ध्यान में रखते हुए बच्चों का स्कूल में नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेते ही अपार आईडी बनाई जाएगी। शिक्षा विभाग का मानना है कि एबीसी और अपार आईडी अनिवार्य होने से नर्सरी, प्राइमरी, मिडिल, हाई, हायर, स्नातक, स्नातकोत्तर, लघु शोध और पीएचडी तक करने वाले छात्रों का सही पंजीयन संख्या मिल सकेगा। यह भी पता चल सकेगा कि कक्षा-दर कक्षा कितने स्टूडेंट्स लगातार पढाई करते आ रहे हैं। इस बात की भी जानकारी मिलेगी की कितने स्टूडेंट्स पढ़ाई छोड़ रहे हैं।

### अगले शैक्षणिक सत्र से हो जाएगा लागू

अपार आईडी में स्टूडेंट्स के सारे अकादमिक रिकार्ड होंगे। एक बार अपार आईडी बनने के बाद पूरी पढ़ाई चाहे स्कूल हो या कॉलेज या फिर डिप्लोमा आदि के सभी में एक ही नंबर रहेगा। अलग-अलग पंजीयन की जरूरत नहीं पड़ेगी। शिक्षा सत्र 2026-27 से राज्य के सभी डिग्री कॉलेजों में बिना एबीसी और अपार आईडी के प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# बस के भीतर फंदे में चालक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पॉवर प्लांट के भीतर संचालित होने वाली बस के चालक ने बस के अंदर ही फांसी के फंदे में लटकती हुई लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी चालक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पॉवर प्लांट के अधीन बस संचालित होता था जहां मूलतः बिहार निवासी राजेश नामक युवक बस का चालक था जो बस में ही सोया करता था। बीती रात को बस प्लांट के भीतर परिसर में खड़ी हुई थी और राजेश ने बस के भीतर अपने गमछे से फांसी लगा ली है। रविवार की सुबह जब कर्मचारी काम पर पहुंचे तो उन्होंने बस के अंदर एंगल से लटका हुआ शव देखा। इसके बाद तत्काल कंपनी अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। इस मामले में थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कंपनी के कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं। मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मृतक की जेब से एक मोबाइल भी जब्त किया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र का मामला

## दीवापली के मद्देनजर की गई व्यवस्था

# आग से झुलसे मरीजों के लिए इमरजेंसी वार्ड में दो बेड रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली में अति उत्साह अथवा असावधानी के कारण बड़ी अनहोनी हो सकती है। ऐसी किसी भी तरह की घटना घटित होने पर घबराने की जरूरत नही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सामान्य अवकाश के दिन 24 घंटे डॉक्टर तो उपलब्ध रहेंगे ही, दीपावली के दिन भी दो घंटे अस्पताल के पट खुले रहेंगे। चाहे पटाखा जलाते समय हताहत हों या फिर किसी और हादसे में पीड़ित को सीधे अस्पताल दाखिल कराया जा सकता है। प्रबंधन ने खासतौर पर पटाखे या आग से झुलसकर गंभीर मरीज के लिए इमरजेंसी वार्ड में दो बेड रिर्जव रखा है।

दीपावली में लोग पूजा अर्चना के बाद एक दूसरे को मिठाईयां बांटते हैं। इसके अलावा बच्चे, युवा और बुजुर्ग भी बड़े ही उत्साह के साथ पटाखे जलाते हैं। इस दौरान छोटी सी लापरवाही के कारण बड़ी अनहोनी हो सकती है। पटाखे से निकली चिंगारी के कारण न सिर्फ आसपास के क्षेत्र में आग लग सकती है, बल्कि आग की चपेट में आकर लोग गंभीर रूप से झुलस सकते हैं। इसके अलावा पूरे दिन लोगों की आवाजाही लगी रहती है। कई बार सड़क हादसे में भी लोग हताहत हो जाते हैं। ऐसी किसी भी स्थिति में पीड़ित को उपचार की जरूरत होती है। जिसके मद्देनजर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने दीपावली के दिन भी दो घंटे सुबह 9 से 11 बजे तक खोलने का फैसला किया है।

इन दो घंटों में डॉक्टर ओपीडी में आने वाले मरीजों का उपचार भी करेंगे। खासबात तो यह है कि इस बार दीपावली का पर्व सोमवार को मनाया जाएगा। इस लिहाज से देखें तो अस्पताल सहित तमाम सरकारी दफ्तरों में पर्व से दो दिन पूर्व यानि शनिवार और रविवार अवकाश है, जबकि दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को गोवार्धन पूजा का पर्व मनाया जाएगा। शासन ने गोवर्धन पूजा के लिए भी अवकाश घोषित कर दिया है। इस लिहाज से दीपावली सहित लगातार चार दिन अवकाश रहेगा। अवकाश के दिनों में मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए प्रबंधन ने डॉक्टरों को दिशा निर्देश जारी कर दिया है। इमरजेंसी सेवा में तैनात डॉक्टर अवकाश के दिनों में भी उपचार करेंगे। इसके अलावा दीपावली के पर्व में पटाखे से निकलने वाली चिंगारी या फिर आग से झुलसने की घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। ऐसी किसी भी घटना में हताहत मरीज को आसानी से इलाज मुहैया कराई जा सके, इसके लिए अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड में दो बेड रिजर्व किए गए हैं। अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को दवा के लिए भी माथापच्ची करने की जरूरत नही है। प्रबंधन ने दवा के अभाव में उपचार व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में दवा का भंडार किया है।

# दीपावली के साथ शुरू हुआ सुआ नृत्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली के साथ ही छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक गांव-गांव में दिखने लगी है। महिलाओं की टोली पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे घर-घर जाकर सुआ नृत्य कर रही हैं। ढोलक की थाप और गीतों की गूंज से पूरा गांव उत्साह और उमंग से भर उठा है।

सुआ नृत्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह नृत्य महिलाओं और बच्चियों द्वारा किया जाता है, जिसमें वे फसल कटाई के बाद की खुशियों को साझा करती हैं। यह परंपरा आदिवासी समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी हुई है।इस नृत्य में महिलाएं मिट्टी के तोते सुआ को धान से भरी टोकरी में रखकर उसके चारों ओर गोल घेरा बनाती हैं। वे ताली बजाते हुए पारंपरिक गीत गाती हैं सुआ नाचे गली गली, महके फुलवारी आज। इन गीतों के माध्यम से प्रकृति, फसल और समाज के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है।




www.cvru.ac.in
CVRU
DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY
DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
Chhattisgarh, Bilaspur AN AISECT GROUP UNIVERSITY
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University
Add: Kargi Road, Kota, Bilaspur (C.G.) Email: admissions@cvru.ac.in, info@cvru.ac.in
City Office: Dr. C.V. Raman University, In front of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-270388


समस्त जिलेवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई...
शुभं करोति कल्याणं आरोग्यं धनसंपदा । शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते।।


समस्त जिलेवासियों को दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
वनमंडलाधिकारी
वनमंडल कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)


समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी
डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा


समस्त जिलेवासियों को दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
दुष्यंत शर्मा विधायक प्रतिनिधि- कटघोरा


समस्त जिलेवासियों को
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं...
अजय जायसवाल
अध्यक्ष-नगर पंचायत पाली, जिला-कोरबा


समस्त जिलेवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Diwali
नूतन सिंह ठाकुर अधिवक्ता
सभापति-न.पा.नि. कोरबा
सचिव-जिला अधिवक्ता संघ, कोरबा


समस्त जिलेवासियों को
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
संजय भावनानी
पूर्व जिला उपाध्यक्ष-भाजपा, जिला-कोरबा


Happy Diwali
समस्त जिलेवासियों को
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं...
रेशम विभाग, कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)


जिला ऑटो संघ कोरबा की ओर से समस्त जिलेवासियों
को दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री नरेन्द्र देवांगन
संरक्षक
आज़म खान
अध्यक्ष
मो. : 9753761111
पंकज तिवारी
उपाध्यक्ष
मो. : 9827403253
यशवंत कौशिक
सचिव
मो. : 9827480415
मो. इस्लाम अंसारी
सह सचिव
मो. : 9039113886
श्याम दास (गुरूजी)
कोषाध्यक्ष
मो. : 9993049290

जिले एवं क्षेत्रवासियों को **दीपोत्सव पर्व** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**आदिवासी सेवा सहकारी समिति, भैसमा**

पंजीयन क्रमांक-3059
शाखा-कोरबा

प्रबंधक
**तुलेश्वर कौशिक**

प्राधिकृत अधिकारी
**श्रीमती सुष्मिता लकरा**

Happy Diwali

कर्मचारी- चन्द्रकुमार राठौर, उमाकांत लहरे, कु. सर्वमंगला तंवर, उदयसिंह कंवर, भावसिंह कंवर, गणेशराम कंवर, गोवर्धन पटवा एवं समिति क्षेत्र के समस्त किसान भाई

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को **दीपोत्सव पर्व** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**लोक निर्माण विभाग** उपसंभाग भैसमा

---

दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

Happy Diwali

**रजनी सिंह तंवर** — सरपंच
**खगेश्वर पाण्डेय** — सचिव
उपसरपंच
**प्रकाश कुमार मंझवार**
पंचगण एवं समस्त ग्रामीण ग्राम पंचायत-लबेद, वि.खं. कोरबा

---

दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**दीनाराम राठिया**
सरपंच
उपसरपंच एवं पंचगण
एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत लबेद वि.खं. कोरबा

**गनपत टोप्पो**
सचिव
उपसरपंच एवं पंचगण
एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत लबेद वि.खं. कोरबा

---

दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**दीपक सिंह कंवर**
(प्राधिकृत अधिकारी)
आदिम जाति सेवा सहकारी सेवा समिति
बरपाली प.क्र.-307

---

दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

HAPPY DIWALI

**मसतराम मंझवार**
प्राधिकृत अधिकारी
समस्त कर्मचारीगण एवं
सदस्यगण

**बृजभवन सिंह**
प्रबंधक
समस्त कर्मचारीगण एवं
सदस्यगण

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति श्यांग प.क्र..-3060

---

दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**हरावती राठिया**
सरपंच
उपसरपंच- अनुरंजन
पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत जिल्गा, वि.खं.कोरबा

**रामप्रसाद यादव**
सचिव
पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत जिल्गा, वि.खं.कोरबा

---

दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**चंद्रेश कश्यप**
हरिभूमि प्रतिनिधि कुदमुरा क्षेत्र,
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)
मो.8839696901

---



समस्त जिलेवासियों को दीपोत्सव पर्व की हार्दिक बधाई

**भगवती फ्यूल्स बंजारी**



प्रोप्राईटर
**विद्याभूषण चैतमा वाले**, मो..-9926215650

---

जिले एवं क्षेत्रवासियों को दीपोत्सव पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**हरि कृष्णा केयर हॉस्पिटल कटघोरा**
**मल्टीस्पेशलिटी एंड ट्रामा सेंटर**

उपलब्ध सुविधाएं-
- 24×7 डॉक्टर उपलब्ध
- प्रसव सुविधा नॉर्मल डिलीवरी के साथ
- ऑपरेशन सुविधा
- E.C.G. सुविधा उपलब्ध
- बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण
- प्रतिदिन टीकाकरण
- महिला नसबंदी की सुविधा
- सोनोग्राफी, एक्सरे की सुविधा
- एम्बुलेंस की सुविधा
- सभी प्रकार की सर्जरी परामर्श एवं सर्जरी सुविधा उपलब्ध
- छोटे बच्चों को भर्ती करने की सुविधा उपलब्ध सुविधा
- हड्डी रोग संबंधी सभी प्रकार के इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा
- हाइड्रोसील, हर्निया, पथरी संबंधी इलाज एवं ऑपरेशन
- बच्चों से संबंधित सभी बीमारियों का इलाज
- 24×7 पैथलैब ♦ 24×7 मेडिकल सुविधा उपलब्ध

HARI KRISHNA CARE HOSPITAL

आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क ईलाज



**डॉ.कृष्ण कुमार कंवर**
MBBS, MS

पता-कोरबा रोड कटघोरा जिला कोरबा छ.ग., मो.-9981596800,7987880663

---

समस्त जिलेवासियों को
दीपोत्सव पर्व की हार्दिक बधाई

**अभिमन्यु टेकाम**
खण्ड शिक्षा अधिकारी
कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

---

दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...



**कुमार निशांत (IFS)**
वनमण्डलाधिकारी
समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण, वन मण्डल कटघोरा

---

श्री गोपाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**श्री गोपाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल**
मेला ग्राउंड तालाब के पास, कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)

उपलब्ध सुविधाएं

न्यु हाई-टेक **पैथोलेब**



**लायन डॉ.गोपाल बन गोस्वामी**
संस्थापक- श्री गोपाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कटघोरा

विनीत-डॉ. गोपाल बन गोस्वामी, संस्थापक-श्री गोपाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**रिसेप्शन-7224896496, 9981086769**

# समस्त जिलेवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई...

शुभं करोति कल्याणं आरोग्यं धनसंपदा । शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते।।
















## खबर संक्षेप



### नगर पालिका अधिकारी व प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात

**कोरबा।** उपमुख्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव से प्रदेशभर के अनेक मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं विभागीय वरिष्ठ अधिकारीगण ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद दीपिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री गुप्ता ने दीपिका नगर के विकास कार्यों एवं जनसुविधाओं पर सारगर्भित चर्चा की। जिस पर श्री साव ने नगर पालिका दीपिका के कार्यों की सराहना करते हुए नगर के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन का आश्वासन प्रदान किया।

### श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर बनवारी लाल को दी श्रद्धांजलि



**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मूलतः स्वयंसेवक, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व बनवारी लाल अग्रवाल के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित संघ से प्रेरित सभी विविध संगठनों के बंधु सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर अपने-अपने संगठन की ओर से विचार व्यक्त किये एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजू राजपूत, गौमुखी सेवा धाम के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी, शिशु मंदिर (विद्या भारती) के व्यवस्थापक जोगेश लांबा, भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल, हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष आशीष सिंह, संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष रामेश्वरधर दीवान, सेवा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ विशाल उपाध्याय, अशोक तिवारी, सत्येन्द्र दुबे एवं किशोर बुटोलिया उपस्थित रहे।

### सतनामी कल्याण समिति का शपथ ग्रहण समारोह कल



**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति जिला का चुनाव 14 सितंबर को सतनाम प्रांगण में मुख्य निर्वाचन अधिकारी आरपी खाण्डे के नेतृत्व में विधिवत निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें नव निर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवी पाटले, सचिव आरडी भारद्वाज, कोषाध्यक्ष मनोद मनहर, कार्यकारिणी सदस्य सचिव कुर्रे, त्रिवेन्द्र आदिले, वरुण घृतलहरे चुनाव जीते। जिनका शपथ ग्रहण समारोह 21 अक्टूबर को शाम 4 बजे आयोजित की गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलएल कोशले, प्रदेश अध्यक्ष प्रगतिशील छग सतनामी समाज, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक प्रेगचंद पटेल एवं फूलसिंह राठिया, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, एसके बंजारा कार्यपालक निर्देशक, (सीएसपीजीसीएल), आरपी खाण्डे राष्ट्रीय अध्यक्ष सिष्टा एवं सतनामी कल्याण समिति, मुख्य निर्वाचन अधिकारी यूआर महिलांगे, अध्यक्ष सतनामी कल्याण समिति, श्रीमती प्रेमलता बंजारे उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन की उपस्थिति में भूमिपूजन किया जाएगा। इसके उपरांत राज महंत संत दास दीवाकर के चौका मण्डली द्वारा चौका आरती व पूजा कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से 4 बजे के मध्य सम्पन्न कराया जाएगा।

### स्वस्थ्य तन, सुरक्षित मन, जिला विधिक और आयुष विभाग ने दिया जन सेवा का नया संदेश

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संतोष शर्मा के निर्देशानुसार आयुष विभाग के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले एडीआर भवन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विशेष स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य व न्यायिक जागरूकता का अनुठा संगम बी.पी, शुगर, गठियाबात, बवासीर जैसे गंभीर बिमारियों का निःशुल्क परीक्षण व परामर्श आयोजित किया गया। विशेष स्वास्थ्य शिविर ने जिले में जनसेवा की मिशाल कायम की कार्यक्रम में नागरिकों, अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करायी और विधिक जागरूकता से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने कहा कि न्याय और स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक है जब शरीर स्वस्थ्य होता तभी नागरिक अपने अधिकारों और कंतव्यों के प्रति सजग रह सकते है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल स्वास्थ्य परीक्षण नहीं बल्कि समाज को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम है। उक्त शिविर में बी.पी., शुगर, गठियाबात, बवासीर जैसे गंभीर बिमारियों का परीक्षण किया गया तथा विशेष चिकित्सकों ने उपचार व जीवन शैली सुधार पर मार्गदर्शन दिया।

## सोमवार को लक्ष्मी पूजा का रहता है विशेष महत्व, गोधली बेला से ही शुरु हो जाएगा पूजा का मुहूर्त

# दिवाली आज, घर घर होगी लक्ष्मी पूजा, रंगोली से सजेगा आंगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपोत्सव का पर्व दिवाली आज अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। घर घर के आंगन रंगोली से सजेंगे। मां लक्ष्मी के घर आगमन के लिए उनके स्वागत हेतु घर का हर कोना दीपो से जगमगाएगा। लोगों ने इसकी तैयारियां एक सप्ताह पहले से ही शनिवार को धनतेरस के दिन से पांच दिन तक चलने वाले दीपोत्सव पर्व की शुरुआत हो गई थी। बीते एक सप्ताह से शहर का बाजार दिवाली के रंग में सजा नजर आ रहे हैं।

कार्तिक माह का प्रमुख त्यौहार दीपावली सोमवार को मनाया जाएगा। व्यापक स्तर पर इसकी तैयारियां हर घर में बीते एक सप्ताह से नजर आ रही थी। घर से लेकर बाजारों तक दीवाली की रौनक एक सप्ताह पूर्व से दिखाई पड़ने लगी थी। शनिवार को धनतेरस का दिन होने के कारण बाजार की रौनक घरों तक नजर आई थी। धनतेरस से ही दीये जलाने का मुहूर्त शुरु हो चुका था। हालांकि घरों में लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व गोधुली बेला के बाद प्रमुख रुप से माना जाता है। इसी मान्यता के अनुसार घरों में शाम से ही लक्ष्मी पूजा पूरे विधिविधान से की जाएगी। दीवाली के पर्व की तैयारियों को लेकर आज बाजारों में भीड़ नजर आई। शाम होते ही पूरा शहर आकर्षक झालरों व दीयों से जगमगा उठेगा। शहर की रौनक सुबह होते ही शुरु होगी, जो की देर रात तक चहकती रहेगी। इससे पहले रविवार को भी बाजारों में खासी चहल-पहल देखी गई। खासकर पटाखों के दुकानों में देर शाम तक खरीदारी होती रही।



दीया जलाती महिला।



आंगन में सजी रंगोली।



बाजार में दीये की खरीददारी करते लोग।

### दोपहर 3.44 बजे से प्रारंभ होगी अमावस्या

पंचांगों के अनुसार दीपावली परंपरागत रुप से कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। इस बार अमावस्या की तिथि 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट से प्रारंभ होगी। जो दूसरे दिन 21 अक्टूबर को शाम 5.55 बजे तक रहेगी। ज्योतिष गणना के अनुसार 20 अक्टूबर को प्रदोष व्यापनी अमावस्या का संयोग बन रहा है। इस दृष्टि से 20 अक्टूबर को ही दिवाली का मुहूर्त गोधूली बेला के बाद से शुरु हो जाएगा। विशेष पूजा का मुहूर्त शाम 7.10 बजे से रात 9.06 मिनट तक निर्धारित है।

### पूर्व से निर्धारित है गाइडलाइन

दिवाली में पटाखा फोड़ने के लिए शासन की ओर से पूर्व से ही गाइडलाइन निर्धारित है। उस गाइडलाइन के अनुसार रात 10 बजे तक ही पटाखे जलाये जा सकते हैं। गाइड लाइन के पालन के लिए निर्देश भी जारी किये गये हैं।

**-सरोज महिलांगे,** एसडीएम कोरबा

### सिक्के और कमल फूल का महत्व

दिवाली के अवसर पर होने वाली लक्ष्मी पूजा पर सिक्के और कमल फूल का विशेष महत्व रहता है। सिक्कों की खरीदी जहां धनतेरस के दिन करने लगे थे तो वहीं कमल फूल की रविवार को बाजार में लोगों को खरीदारी करते देखा गया। लक्ष्मी पूजन पर गेंदे की माला का भी महत्व रहता है। सुबह से ही चौक-चौराहों में बिक्री शुरु हो जाएगी। गेंदे की माला, कमल फूल, केले के पौधे सहित दूसरे फुलों की बिक्री विशेष प्रकार से होगी। खासकर टीपीनगर चौक, सुभाष चौक, घंटाघर चौक, कोसाबाड़ी चौक, सहित अन्य क्षेत्रों में अधिक बिक्री होगी। दीपोत्सव को देखते हुए कीमत में भी खासा इजाफा हो चुका है। रविवार को रुपचौदस के दिन शहर के बाजारों में पूजन सामग्री की जमकर खरीदी हुई। शहर सहित उपनगरीय क्षेत्र में पूजन सामग्री, फल-फुल, बतासे, सहित अन्य सामानों की ब्रिकी खूब हुई। दिवाली में मां लक्ष्मी की पूजा में गेंदे और कमल के फूल के साथ सिक्कों का विशेष महत्व रहता है। खासकर चांदी के सिक्के लक्ष्मी पूजा में उपयोग करने की पुरानी परंपरा चली आ रही है।

# जमकर हुआ कारोबार, फैंसी पटाखों की सबसे ज्यादा रही डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंदिरा स्टेडियम में पटाखों का बाजार लगा हुआ है जहां इस वर्ष सबसे ज्यादा डिमांड फैंसी पटाखों की है। एक अनुमान के मुताबिक शहर में ही लगभग 1 करोड़ से अधिक का पटाखे का कारोबार हुआ है और अब दीवाली के दिन लगभग 50 लाख के पटाखों का कारोबार होने वाला है।

त्योहारों में हर साल रंग बिरंगी पटाखें बनाए जाते हैं। इस साल भी कोरबा शहर और अन्य उपनगरीय इलाकों में पटाखों के बाजार तैयार हो गए हैं। पटाखा दुकानों में अलग- अलग प्रकार के पटाखे लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। पटाखा कारोबारियों ने बताया कि समय के साथ पटाखों के बनाने और बेचने का चलन बदल गया है। 5 से 10 साल पहले तक बाजार में तेज आवाज वाले पटाखों की भरमार हुआ करती थी। अपनी आवाज के लिए पटाखे जाने जाते थे। दुकान में पहुंचने वाले ग्राहक अलग-अलग छाप वाले अधिक डेसीबल क्षमता के पटाखे मांगते थे लेकिन इसमें तेजी से बदलाव आया है। अब लोग आवाजी पटाखे नहीं मांग रहे हैं बल्कि बाजार में फैंसी पटाखों की मांग अधिक है। इसमें फैंसी अनार, चकरी, फुलझरी, पॉप, चुटपुटिया आदि शामिल हैं। पिछले साल की तुलना में पटाखों के भाव में करीब 10 फीसदी की तेजी देखी जा रही है।



# शहीद विनोद को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दीपावली के पावन अवसर पर कटघोरा थाना प्रभारी धरम नारायण तिवारी ने छुरीखुर्द पहुंचकर शहीद विनोद भारिया को नमन किया। उन्होंने शहीद विनोद भारिया के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने शहीद के परिवारजनों से मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं व उपहार और मिठाई भेंट की।

थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के साथ उपनिरीक्षक शिव कुमार कोसरिया, आरक्षक भुवनेश्वर आदिले, जनपद अध्यक्ष झूल बाई कंवर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गोविंद सिंह कंवर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने शहीद विनोद भारिया के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया और कहा कि उनका साहस, त्याग और देशभक्ति सदैव प्रेरणादायक रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीद विनोद भारिया 2 नवंबर 2007 को मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। हम सभी उनका बलिदान कभी नहीं भूल सकते। एक सैनिक स्वेच्छा से अपना जीवन देश की रक्षा के लिए अर्पित कर देता है। शहादत केवल बलिदान नहीं, बल्कि यह गवाही है। अपने कर्तव्य, अपने धर्म और राष्ट्र की सच्चाई के प्रति। यह एक सम्मानित पद है, जो उन महान आत्माओं के लिए प्रयोग किया जाता है जो संघर्ष या बलिदान में अपना जीवन समर्पित करते हैं। ग्रामीणजनों और अधिकारियों ने संयुक्त रूप से संकल्प लिया कि शहीद के परिवार का सम्मान और सहयोग करना समाज का कर्तव्य है। साथ ही, उन्होंने कहा कि शहीद विनोद भारिया जैसे वीरों के कारण ही देश सुरक्षित और मजबूत है। दीपावली के इस शुभ दिन पर शहीद के घर पहुंचकर दिया गया यह सम्मान न केवल परिवार के प्रति संवेदना है, बल्कि समाज को देशभक्ति और बलिदान की भावना से प्रेरित करने वाला संदेश भी है।



शहीद के परिजन को भेंट देते थाना प्रभारी।




# निःशुल्क दंत एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा में विद्यालय प्रबंधन समिति के स्व डायरेक्टर स्व.नितेश कुमार अग्रवाल के पुण्यतिथि पर लायंस क्लब गुरूकुल एवं नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में बच्चो एवं ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क दंत एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डा.विकेश मित्तल दंत रोग विशेषज्ञ-मित्तल डेंटल केयर एवं डॉ इंद्रासन चंदन (नेत्र रोग विशेषज्ञ) सहित अन्य टेक्नीशियन उपस्थित थे। क्लब के सदस्य, शिक्षक बच्चों एवं चिकित्सकों ने स्व.नितेश कुमार अग्रवाल के फोटो में माल्यार्पण कर दीपप्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य बीआर रात्रे के द्वारा स्व.नितेश अग्रवाल के जीवन से संबंधित कुछ यादगार पलों एवं प्रेरणाप्रद विषयों की जानकारी दी। चिकित्सक एवं उनकी टीम के द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों एवं उपस्थित ग्रामवासियों के दंत एवं नेत्र की जांच की गई। उक्त शिविर में लगभग 437 लोग लाभान्वित हुए। सभी चिकित्सकों और सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उक्त शिविर में क्लब मार्गदर्शक एवं विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डा.राजकुमार अग्रवाल, क्लब सचिव लायन दर्शन अग्रवाल, लायन सुभाषचंद अनंत, लायन मनोज गुप्ता, लायन नूतन राजवाड़े, लायन पार्वती दास सहित अन्य लायन सदस्य भी उपस्थित थे।

### हटाया गया बेजा कब्जा

**कोरबा।** शहर की बेशकीमती जमीन पर बिचौलियों की नजर पड़ गई है। बिचौलिए रातों रात जमीन पर कब्जा कर न सिर्फ निर्माण कार्य करा रहे, बल्कि ऊंचे दामों में बिक्री भी कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में निगम व प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने अवैध कब्जा कर बनाए गए मकान व दुकान में बुलडोजर चलाकर कीमती जमीन को मुक्त कराया है। मामला नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 32 रिस्दी चौक की है। बताया जा रहा है कि राधे नामक युवक ने बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया था। वह बड़े भू भाग में कब्जा कर दुकान के पीछे मकान बनाना शुरू कर दिया। उसके सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर कराए जा रहे निर्माण कार्य की शिकायत निगम व प्रशासन तक पहुंच गई। निगम ने शिकायत में आधार पर अवैध कब्जा हटाने नोटिस जारी कर दिया, जिसका पालन करने के बजाय अतिक्रमणकारी ने पक्का दीवाल खड़ा करना शुरू कर दिया।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक

**कोरबा।** परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा अन्तर्गत शासकीय हाई/हायर सेकंडरी विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को 1 माह तक रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण सेवाएं देने हेतु जिले के जुड़ो, कराटे, ताईक्वाडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष प्रशिक्षकों से आवेदन मंगाया गया है। महिला प्रशिक्षकों को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक प्रशिक्षक वांछित दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# बालको की उन्नति परियोजना आर्थिक निर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको के सामुदायिक विकास के अंतर्गत स्थानीय महिलाओं ने अपने आत्मनिर्भरता की यात्रा को सशक्त किया है। बालकोनगर स्थित शांतिनगर की निवासी श्रीमती पूनम सिंह कहती हैं कि मेरे पास एक सपना था लेकिन कभी नहीं सोचा था कि मेरी कला मुझे आत्मनिर्भर बना सकती है। आज मैं अपना व्यवसाय चला रही हूँ, परिवार के निर्णयों में सक्रिय रूप से शामिल होती हूँ और दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हूँ।

इनकी कहानी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) की पहल प्रोजेक्ट उन्नति से जुड़ी अनेक महिलाओं के बदलाव को दर्शाती है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पहल उन्नति के माध्यम से अपनी पहचान और आत्मनिर्भरता पाई, जो कभी केवल बचत समूहों में बैठकर विचार साझा करने से शुरू हुआ था। वह आज आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानियों में बदल चुका है। पूनम याद करते हुए बताती हैं कि कैसे घर पर सजावटी वस्तुएँ बनाने का उनका शौक धीरे-धीरे डेकोरट्टी नामक सूक्ष्म उद्यम में बदल गया। उन्होंने बताया कि पहले मैं केवल दोस्तों और परिवार के लिए ही वस्तु बनाती थी। उन्नति से जुड़कर मैंने सीखा कि कैसे अपने बनाई वस्तु की कीमत, ग्राहकों से बात करने और यहाँ तक कि सोशल मीडिया का उपयोग करना है। आज जब त्योहारों पर लोग अपने घरों को सजाते हैं, तो मुझे संतोष होता है कि मेरे बनाए उत्पाद उनके उत्सव का हिस्सा बन रहे हैं। इसी तरह की सफलताएँ कई और महिलाओं की कहानियों में दिखाई देती हैं। श्रीमती रथ बाई उन्नति की छत्तीसा नामक फूड-आधारित उद्यम से जुड़ी हैं। अपने शुरुआती दिनों को याद कर कहती हैं कि शुरुआत में मुझे अपने क्षेत्र से बाहर उत्पाद बेचने का अनुभव नहीं था। उन्नति ने मुझे ऑर्डर प्रबंधन और अपने उत्पादों का प्रचार करना सिखाया। ग्राहक का बार-बार दोबारा ऑर्डर मेरे उद्यम की विश्वसनीयता को मजबूत करता है। कुछ महिलाओं के लिए यह यात्रा केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं रही, बल्कि आर्थिक निर्भरता की मिसाल हैं। श्रीमती मालती गोस्वामी बताती हैं कि शिक्षा ने मुझे बुनियादी ज्ञान दिया, और वित्तीय प्रशिक्षण ने साहस और आत्मविश्वास से सशक्त किया। अब मैं अपने व्यवसाय का लेखा-जोखा लाभ-हानि का आकलन खुद करती हूँ और भविष्य की योजना बनाती हूँ। पहले मैं दूसरों से मार्गदर्शन लेती थी, लेकिन आज हमारी समूह की महिलाएँ मुझसे सलाह लेती हैं। यह बदलाव न केवल मेरे लिए, बल्कि हमारे समूह की सभी महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का प्रतीक है। सबसे प्रेरक पहलू इस सामूहिक परिवर्तन में नज़र आता है। जो महिलाएँ पहले सार्वजनिक रूप से बोलने में संकोच करती थीं, आज आत्मविश्वास के साथ अपने स्वयं सहायता समूहों का नेतृत्व कर रही हैं। श्रीमती सरला यादव कहती हैं कि जब हम साथ बैठते हैं, तो केवल बचत या योजनाओं की चर्चा नहीं होती। हम अपने सपनों पर बात करते हैं, चुनौतियां साझा करते हैं और एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते हैं। धीरे-धीरे हमने सीखा है कि हमारी आवाज़ मायने रखती है, और मिलकर हम और आगे बढ़ सकते हैं।



